प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्र में सरकार गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज : भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ की बैठक।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज शासन स्तर के सभी अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिवों के साथ की बैठक : कहा– खाली पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया की जाए तेज।
3. उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने भर्ती परीक्षाओं की संशोधित सूची की जारी : जून से दिसंबर तक आयोग चौदह परीक्षाओं का करेगा आयोजन।

और

4. प्रदेश के कई जनपदों में आंधी–बारिश से लोगों को गर्मी से मिली निजात : मौसम विभाग ने आठ जून को कई जनपदों में भीषण लू चलने की जारी की चेतावनी।

———————

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए द्वारा नई सरकार गठन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। श्री नड्डा के आवास पर हुई इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल, मनसुख

मांडविया, प्रहलाद जोशी, अश्विनी वैष्णव भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुग, पार्टी नेता विनोद तावडे और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जनता दल यूनाइटेड के कई नेता भी दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर पहुंचे हैं। ये बैठकें एनडीए नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नेता चुनने के एक दिन बाद हो रही हैं। नई दिल्ली में कल एनडीए गठबंधन में शामिल दलों के संसदीय दल की बैठक होने वाली है। इस बैठक में भाजपा, टीडीपी, जेडीयू, एलजेपी (आर), शिव सेना (शिंदे गुट), जेडी (एस) और अन्य सहयोगी दलों क नवनिर्वाचित सांसदों के शामिल होने की उम्मीद है।

—————————

जनता दल यूनाइटेड ने आज कहा कि उसने नई एनडीए सरकार में मंत्री पद को लेकर कोई शर्त नहीं रखी है। पार्टी प्रवक्ता के.सी. त्यागी ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रोय मंत्री राजनाथ सिंह को सरकार गठन के संबंध में एनडीए गठबंधन में सहयोगी दलों के साथ बात करने की जिम्मेदारी दी गई है।

*नड्डा जी, राजनाथ जी, वो जिम्मेदारी मिली है सहयोगी पार्टियों से बातचीत करके। मंत्री परिषद का आकार तय करने की, उसी सिलसिले में वार्ताएं हो रही हैं, कोई शर्त जेडीयू की नहीं है। जेडीयू की इच्छा है कि*

*बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दें, बटवारें के बाद सभी संसाधन झारखण्ड चले गए थे। बिहार की गरीबी, बेरोजगारी और पलायन का बड़ा कारण वहां की अर्थव्यवस्था है। विशेष राज्य का दर्जा मिलने से रोजगार बढेंगे, पलायन रूकेगा और गरीबी हटेगी।*

————————

इंडिया गठबंधन के नेताओं के बीच आज नई दिल्ली में बैठकों का दौर जारी रहा। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी और पार्टी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। सपा प्रमुख ने दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि अयोध्या में लोगों को मुआवजा नहीं दिया गया इसलिए अयोध्या और आसपास के क्षेत्र में जनता ने भाजपा के खिलाफ मतदान किया। उन्होंने कहा कि अग्निवीर व्यवस्था तुरंत खत्म होनी चाहिए। जनता ने मुद्दों पर वोट दिया। सरकार बनती, गिरती रहती है, लेकिन संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र मजबूत होना चाहिए। आम आदमी पार्टी नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शिवसेना उद्धव गुट नेता संजय राउत के साथ बैठक की। कल नई दिल्ली में इंडिया गठबंधन नेताओं के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर पहली बैठक आयोजित हुई थी।

————————

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर उत्तर प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ”यूपी कांग्रेस क सभी साथियों को मेरा सलाम। मुझे गर्व है आप पर और यूपी की जागरूक जनता पर, जिसने इस देश की गहराइ और सच्चाई को समझा और हमारे संविधान को बचाने का ठोस संदेश पूरे भारत को दिया।

——————————

लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन स्तर के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के निर्दश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव अपने विभाग के शीर्ष अधिकारी हैं। विभाग से जुड़ी हर एक व्यवस्था, हर एक परियोजना, हर प्रकरण के लिए उनकी जवाबदेही है। अतः समयबद्धता, गुणवत्ता सुनिश्चित करें। विभागीय मंत्रीगणों के साथ बेहतर संवाद–समन्वय बनाये रखें। जनहित के प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन विभागों में रिक्तियां हैं और नियुक्ति की जानी हैं, वहां तत्काल जानकारी चयन आयोगों को भेजी जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने अनावश्यक

बिजली कटौती न करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में तेज गर्मी व लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में प्रदेश में गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। साथ ही ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरन, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का अविलंब निस्तारण किया जाए। इसके अलावा नगरों में कहीं भी पेयजल का संकट न होने पाए।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन मे आपका फिर से स्वागत है।

——————————

लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने भर्ती परीक्षाओं की संशोधित सूची जारी कर दी है। जून से दिसंबर माह तक आयोग चौदह परीक्षाओं का आयोजन करेगा। इसके अंतर्गत पीसीएस की प्रारम्भिक परीक्षा

सत्ताइस अक्टूबर को होगी। इसके अलावा पेपर लीक होने के चलते ग्यारह फरवरी को निरस्त की गयी समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की प्रारंम्भिक परीक्षा अब बाइस दिसंबर को आयोजित की जाएगी।

——————————

बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय के तत्वावधान में राज्य स्तरीय संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा दो हजार चौबीस आगामी नौ जून को होगी। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने क लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये हैं। अभ्यर्थी बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। इस बीच बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने से संबद्ध परीक्षा केन्द्रो की सूची जारी कर दी है। इस विश्वविद्यालय से संबद्ध पांच जिलों के सत्ताइस परीक्षा केन्द्रों पर बारह हजार आठ सौ सत्तावन अभ्यर्थी परीक्षा देगें।

——————————

नये आपराधिक कानून देश में एक जुलाई से लागू होंगे। इन कानूनों में एसिड हमलों से संबंधित कानूनी प्रावधान शामिल है। एसिड हमलों के मामलों में नये कानून के तहत किसी भी अवधि के लिये कारावास की सजा दस वर्ष से कम नहीं होगी, लेकिन उसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

इसके अलावा किसी भी व्यक्ति को एसिड फेंकने का प्रयास या किसी अन्य साधन का उपयोग करने का प्रयास करने पर कम से कम पांच साल की सजा होगी, जिसे सात साल तक बढ़ाया जा सकता है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। नये कानून में एसिड में वह सभी पदार्थ शामिल है, जिसमें अम्लीय या क्षयकारी या जलने की प्रकृति होती है और जो शारीरिक चोट पहुंचाने में सक्षम है।

——————————

प्रदेश में आज वट सावित्री अमावस्या के अवसर पर महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर अपने पति की लंबीआयु की कामना की। इसी के साथ ही अमावस्या के अवसर पर लोग पवित्र नदियों में स्नान कर दान–पूजन भी कर रहे हैं। प्रयागराज समेत हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर ब्रज घाट और अमरोहा के गंगाधाम तिगरी पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच कर गंगा स्नान कर रहे हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट..........

*वट सावित्री का पर्व आज संगम नगरी प्रयागराज में भी पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर सुहागन स्त्रियां वटवृक्ष यानी बरगद के पेड़ की पूजा कर निर्जला व्रत भी रखा। प्रयागराज में महिलाओं ने पहले त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई और उसके बाद बरगद के पेड़ की परिक्रमा व पूजा अर्चना कर अखंड सौभाग्य की प्रार्थना की। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज*

——————————

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी से जूझ रहे प्रदेश के तकरीबन सभी जिलों के लोगों को मौसम के मिजाज में आये बदलाव से काफी राहत मिली है। आज तड़के राजधानी लखनऊ, कौशाम्बी, जौनपुर, देवरिया, महराजगंज, गोरखपुर, सुल्तानपुर, आजमगढ़, संतकबीरनगर, एटा समेत कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। उधर पीलीभीत, बस्ती, सहारनपुर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भी कई जिलों में हल्की बारिश होने और तेज हवाओं के चलने से मौसम के मिजाज में नरमी आई है। इस बीच मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी कर कहा है कि कल से फिर लू का असर प्रदेश के कई जनपदों में देखने को मिलेगा। वहीं आठ जून से प्रदेश में भीषण लू चलने को आशंका है। इसका सबसे ज्यादा असर बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, महोबा, झांसी और आसपास के क्षेत्रों में रहेगा। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

(समाप्त)